अमर उजाला 17/12/2023

रैली से किया छात्रों को जागरूक



अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज से एड्स जागरूकता रैली निकाली। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने रैली को हरी झंडी देते हुए रवाना किया। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए जागरूकता का होना आवश्यक है। साथ ही समाज को इसके प्रति जागरूक करें। यह रैली प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता और राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस नैन के नेतृत्व में निकाली गई। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला, डॉ. तृप्ति शर्मा और लवप्रीत सिंह उपस्थित रहे। रैली में 115 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संवाद